हरिभूमि

# रेवाड़ी भूमि

रोहतक, बुधवार 8 अप्रैल 2026


तापमान

अधिकतम 27 .5 डिग्री
न्यूनतम 17 .5 डिग्री


11 स्वस्थ शरीर के लिए नशा मुक्त जीवन और पांच तत्वों का संतुलन जरूरीः लक्ष्मण



12 झमाझम बारिश के बाद फरवरी जैसा मौसम, दोपहर बाद साफ हुआ आसमान




## खबर संक्षेप

### आपसी विवाद में एक आरोपी गिरफ्तार

**बावल।** थाना बावल पुलिस ने भैरामपुर भड़ंगी में आपसी विवाद में झगड़े की आशंका को देखते हुए एक आरोपी को निवराक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। दोनों पक्षों में सुलह नहीं होने के कारण झगड़े की आशंका बनी हुई थी। पुलिस ने डीडीआर दर्ज करने के बाद भैरामपुर भड़ंग निवासी पुष्पेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया गया।

### हादसों के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। थाना कसोला पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 21 फरवरी को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के भगेरी खुर्द निवासी विरेंद्र को गिरफ्तार किया है। उसके वाहन को भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना रोहड़ाई पुलिस ने 6 अप्रैल को हादसे के बाद दर्ज किए गए केस में यूपी के अरंगी गाजीपुर निवासी विजयलाल को गिरफ्तार किया है। हादसे को अंजाम देने वाला ट्रक भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

### दहेज उत्पीड़न मामले का एक आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और दहेज नहीं लाने पर जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दर्ज मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत के जरिए राजीनामा कराने के प्रयास किए थे। बात सिरे नहीं चढ़ने पर पुलिस ने गत 13 मार्च को आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने चरखी दादरी के उटावड़ निवासी जयंत प्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। उसे बाद में पुलिस जमानत पर छोड़ दिया गया।

### कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ गिरफ्तार किए हैं। पातुहेड़ा निवासी महाबीर को कोर्ट ने दो मामलों में पीओ घोषित किया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक अन्य मामले में कोर्ट ने आनंद नगर निवासी विशाल को पीओ घोषित करने के बाद उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे। उसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### संपत्ति विवाद में पति के खिलाफ केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर संपत्ति विवाद के चलते पति के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस शिकायत में राज सैनी ने अपने पति प्रकाश पर संपत्ति की फर्जी आईडी बनाकर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इस मामला ग्रीवेंस कमेटी की मीटिंग में भी उठा था, जिसे आपसी विवाद बताते हुए खारिज कर दिया गया था। पुलिस ने आरोपी प्रकाश के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बाइकों की भिड़ंत में दोनों के चालक घायल

**धारूहेड़ा।** नंदरामपुर बास रोड पर सोमवार सुबह दो बाइकों की आपस में जोरदार टक्कर हो गई, दोनों बाइक चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को लोगों ने अस्पताल पहुंचाया। बास रोड पर सुबह के समय आमने-सामने से आ रही दो बाइक आपस में टकरा गईं। इससे दोनों चालक बाइक समेत सड़क पर गिर गए। आसपास के लोगों ने दोनों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया।

*सफाई के अभाव में गंदगी से सरोबार हो चुके सार्वजनिक शौचालय, मेंटेनेंस नहीं होने से टॉयलेट्स का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे नागरिक*

# सावधानः पब्लिक टॉयलेट का सोच-समझकर करें इस्तेमाल, संक्रमण से हो सकते हैं बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लंबे समय से मेंटेनेंस न होने व देखरेख के अभाव में शहर के सार्वजनिक शौचालयों की दशा बदतर हो चुकी है। लोगों को पब्लिक टॉयलेट का इस्तेमाल सोच-समझकर करना पड़ रहा है। कहीं गंदगी से सरोबार टॉयलेट के संक्रमण से बीमार न हो जाएं। लोगों को पहले जांच करती पड़ रही है कि टॉयलेट में सीट, पानी की टंकी, वार्शवेशन व दरवाजे तो ठीक है, लेकिन शहर के दो-तीन टॉयलेट ही कुछ स्तर तक ठीक है, जबकि ज्यादातर टॉयलेट की हालत दयनीय हो चुकी है। नागरिक इन टॉयलेट में अंदर जाने से भी कतरा रहे है। संयुक्त रूप से बने महिला व पुरुषों के दोनों पब्लिक टॉयलेट की हालत इतनी बिगड़ चुकी है कि जैसे वर्षों से किसी ने सुध ही न ली हो। लंबे समय से पब्लिक टॉयलेट्स की मरम्मत नहीं हो पा रही है। शहर के ज्यादातर टॉयलेट्स की दीवार जर्जर अवस्था में आ चुकी है। टॉयलेट की दीवारों से प्लास्टर झड़ रहा है। शौचालयों के मेंटेनेस को लेकर जनवरी माह में 28.27 लाख रुपये का एक वर्ष के लिए टेंडर किया गया, लेकिन टेंडर होने के बाद से भी अभी तक शौचालयों की हालत में सुधार नहीं हो पाया है। कई सार्वजनिक शौचालयों की सीट, पानी की टंकी, वार्शवेशन व दरवाजे तक टूट चुके है। नल और फ्लश भी काम नहीं कर रहे है। देखरेख व सफाई नहीं होने पर इन शौचालयों की हालत बिगड़ चुकी है।





रेवाड़ी। नाईवाली चौक स्थित पब्लिक टॉयलेट के पास गंदगी के ढेर। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। सती कॉलोनी के महिला टॉयलेट की दयनीय हालत। फोटो : हरिभूमि

### प्रति वर्ष लाखों खर्च, फिर भी सुविधा नहीं

शहर में करीब 22 सार्वजनिक शौचालय और 11 यूरिनल बने हुए है। नगर परिषद की ओर से शौचालयों के रखरखाव व सफाई के नाम पर प्रति वर्ष लाखों रुपये खर्च किए जाते हैं। नेहरू पार्क के बाहर, गोकल गेट, नाईवाली चौक, सती कॉलोनी, रेलवे रोड, अनाजमंडी के पास, ऑटो मार्केट, बारा हजारी, गर्ल्स स्कूल के पास व रेलवे रोड सहित ज्यादातर सार्वजनिक शौचालयों में गंदगी का आलम छाया हुआ है। इनमें से कई शौचालय जर्जर हालत में आ चुके है। मोबाइल टॉयलेट भी खराब स्थिति में हैं। नगर परिषद की ओर से दिसंबर 2024 में 44.62 लाख रुपये की लागत से शौचालयों और यूरिनल की मरम्मत कराने के लिए टेंडर जारी किया गया था, लेकिन इस कार्य में खानापूर्ति के साथ लापरवाही बरती गई और शौचालयों की स्थिति में ज्यादा सुधार नहीं हो पाया।

### मेटेंनेंस के लिए एक साल के टेंडर किए जा चुके

शहर के सार्वजनिक शौचालयों के मेटेंनेंस के लिए एक साल के टेंडर किए जा चुके है। एजेंसी को शौचालयों के रखरखाव के लिए डायरेक्शन दे दी गई है। जल्द ही इनके सुधार का कार्य किया जाएगा।
-अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन नगर परिषद।

### तुलाराम पार्क के पास शौचालय का कार्य मंद

नगर परिषद की ओर से शहर में 36.43 लाख रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से युक्त दो शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है। राव तुलाराम पार्क के पास शौचालय का कार्य काफी मंद गति से चल रहा है, जबकि दूसरे टॉयलेट का निर्माण रोडवेज वर्कशॉप में किया जाना है। इसके अलावा बड़ा तालाब स्थित हनुमान मंदिर के पास बने पब्लिक टॉयलेट का रिनोवेशन किया जाएगा।

## सीआईए ने काबू किया हथियार मुहैया कराने का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए ने अवैध हथियार मुहैया कराने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया। गत 14 फरवरी को सीआईए को सूचना मिली थी कि राजस्थान के उजौली निवासी हथियार के साथ वह धारूहेड़ा के पार्श्वनाथ कॉलोनी रोड पर किसी के इंतजार मे खड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद सीआईए की टीम ने आरोपी को देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपी नवीन कुमार उर्फ अंडा ने बताया कि उसे यह अवैध हथियार राजस्थान के जिला खैरथल तिजारा के गांव जमालपुर निवासी दीपक ने उपलब्ध कराया था। मामले में पुलिस ने आरोपी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी दीपक। फोटो : हरिभूमि

## गैर इरादतन हत्या के दोषी को 10 साल की कैद

■ जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

युवक की गैर इरादतन हत्या के एक दोषी को कोर्ट ने 10 साल की कैद और 10 हजार रुपये का जुमाने की सजा सुनाई है। इस मामले में दो और दोषियों को तीन-तीन साल की कैद और दो-दो हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई गई है। पुलिस शिकायत में गांव लिसाना निवासी जयप्रकाश ने बताया था कि वह एक मेडिकल स्टोर संचालक हैं। 29 जुलाई 2022 की शाम करीब 7 बजे उन्हें सूचना मिली कि उनके भतीजे कर्मबीर उर्फ पृथ्वी की शुभराम वाली खंडहर हवेली में हत्या कर दी गई है। जयप्रकाश ने बताया कि जब वह विजय के साथ मौके पर पहुचे, तो उन्होंने देखा कि कर्मबीर उर्फ पृथ्वी का शव हवेली में मृत अवस्था में पड़ा था और उसके गले पर निशान थे। उन्होंने आरोप लगाया था कि गांव के ही संजय उर्फ टिंडा और उसके साथियों ने मिलकर कर्मबीर उर्फ पृथ्वी की गला दबाकर हत्या की है। जिस पर पुलिस ने थाना सदर रेवाड़ी में हत्या का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त तीन आरोपी गांव लिसाना निवासी संजय उर्फ टिंडा, रोहित उर्फ लीला व जितेंद्र उर्फ राहुल को गिरफ्तार किया था। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी। पुलिस की ओर से अदालत में आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य भी प्रस्तुत किए गए थे और गवाहों के बयान भी दर्ज कराए गए थे।

मामले की सुनवाई के बाद अदालत ने आरोपी युवक संजय उर्फ टिंडा को गैर इरादतन हत्या का दोषी करार दिया। मामले में शामिल दो अन्य आरोपी रोहित उर्फ लीला और जितेंद्र उर्फ राहुल को साक्ष्य मिटाने का दोषी करार दिया।

### दो दोषी जेल में कर चुके सजा पूरी

अदालत में गैर इरादतन हत्या में आरोपी संजय उर्फ टिंडा को 10 साल कैद और 10 हजार जुमार्ना की सजा दी है, जबकि आरोपी रोहित उर्फ लीला व जितेंद्र उर्फ राहुल को तीन-तीन साल कैद में दो-दो हजार रुपये जुमार्ना की सजा दी है। दोषी रोहित उर्फ लीला व जितेंद्र उर्फ राहुल मामले की सुनवाई के समय जेल में रहते हुए अपनी सजा पूरी कर चुके है। जुमार्ना नहीं भरने पर दोषी युवक संजय उर्फ टिंडा को छह माह की जेल की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

## हरियाणा प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर डीईईओ को सौंपा ज्ञापन

■ अध्यापकों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

मंगलवार को हरियाणा प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया व उप जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद यादव को मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अध्यापकों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की। एसोसिएशन के सदस्यों ने कहा कि वर्तमान में स्कूल में नामांकन व बच्चों के दाखिले का समय चल रहे है, लेकिन बिना मान्यता के चल रहे प्राइवेट विद्यालय बच्चों को गलत तरीके से दाखिला कर रहे हैं और मान्यता के नाम पर अभिभावकों को गुमराह कर रहे हैं। प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर लगाम लगाने की मांग की। वर्तमान में दाखिलों का समय है और स्कूल से अध्यापकों की बीएलओ व पीपीपी में ड्यूटियां लगाई जा रही है, स्कूलों की पढ़ाई बाधित हो रही है। अध्यापक एसीपी केस काफी समय से कार्यालय में लंबित है, जिन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वर्तमान में कई विद्यालयों में शिक्षकों की सेवानिवृत्ति के बाद कई एकल अध्यापक विद्यालय हो गए हैं, उनमें अध्यापकों की व्यवस्था की जाए। डीईईओ प्रदीप दहिया ने सभी मांगों पर शीघ्र निपटारा करने का आश्वासन दिया।



रेवाड़ी। मांगों को लेकर डीईईओ से चर्चा करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन से राज्य उप प्रधान धर्मेंद्र यादव, जिला प्रधान लखन यादव, शिव प्रकाश, राज्य संयोजक नरेश चौहान, विवेक सैनी, भूपेंद्र यादव, हरी निवास, वीरेंद्र सिंह, राजवीर, सुरेंद्र, हेमंत, हरीश, योगेश, अशोक, भूपेंद्र, परमवीर व संजय शर्मा उपस्थित थे।

## सोमाणी कॉलेज में ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन

■ कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सोमाणी कॉलेज में विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से ऑनलाइन विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में डा. जेबा बशीर उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को ओरल एंड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी तथा एस्थेटिक्स से जुड़े विषयों के बारे में संक्षिप्त एवं उपयोगी जानकारी दी और इस क्षेत्र में उपलब्ध करियर संभावनाओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन ऑनलाइन माध्यम जूम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विभिन्न पेशेवर क्षेत्रों के विशेषज्ञों से जोड़ना तथा उनके अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करना था। संस्थान की ओर से निदेशक प्रो. जगबीर सिंह ढिल्लों ने डा. जेबा बसीर का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रो. आरती, प्रो. विवेक चौहान, प्रो. कविता, प्रो. संजीव, प्रो. बबलू, प्रो. रक्षपाल, प्रो. आशीष व प्रो. भरत मेहरा सहित सभी प्राध्यापक उपस्थित थे।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**मंडी में अब तक 199586 क्विंटल गेहूं की आवक, एजेंसी ने 39885 क्विंटल गेहूं खरीदा**

## मंडी में खुले में पड़ा गेहूं, खराब मौसम कर सकता है नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी/कोसली

कोसली अनाज मंडी में गेहूं की आवक बढ़ती जा रही है। मंडी में अब तक 199586 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में गेहूं के 4152 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया मंडी में सोमवार शाम तक 39885 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। मंगलवार को मौसम खराब होने से खरीद नहीं की गई। अनाज मंडी में उठान की गति धीमी चल रही है। मंडी से केवल गेहूं के 20600 कट्टों यानि 10300 क्विंटल का उठान ही हो पाया है। खरीद एवं उठान के अतिरिक्त मंडी में हुई आवक का गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। हालांकि आढ़तियों ने कुछ गेहूं के ढेरों पर तिरपाल की व्यवस्था की हुई है, लेकिन मार्केट कमेटी कार्यालय के सामने के प्लेटफार्म पर हजारों क्विंटल गेहूं खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर तिरपाल ढकने की कोई व्यवस्था नहीं है। मंगलवार सुबह से हुई बूंदाबांदी से एक बार खुले में पड़ा गेंहू भीग भी चुका है।

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि रबी सीजन फसल खरीद कार्य के दौरान किसानों और व्यापारियों को कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्यूटी प्वाइंट पर मौजूद रहे और किसानों को किसी प्रकार की समस्या आने पर उनका तुरंत समाधान करे। उन्होंने अधिकारियों को मंडियों से फसल उठान कार्य भी सुचारू रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंडियों में आने वाले किसानों को गेटपास व बायोमेट्रिक में किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना न करना पड़ें। उन्होंने किसानों से अपनी उपज को तय मापदंड के अनुरूप मंडियों में सुखाकर लाने का आह्वान किया।



रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में तिरपाल से ढका गया गेहूं। फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में खुले में पड़ा हुआ गेहूं। फोटो : हरिभूमि

### दोहरीकरण कार्यः रेल यातायात रहेगा बाधित

**कनीना।** रेलवे के बीकानेर डिवीजन अंतर्गत चूरू-सादुलपुर रेलखण्ड के मध्य दुधवाखारा-हड़याल-डोकवा-सादुलपुर स्टेशनों के मध्य रेलपथ के दोहरीकरण कार्य के लिए ऑटोमेटिक सिंगनलिंग कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते इस पथ पर रेल यातायात बाधित रहेगा। कुछ रेलसेवाओं का मार्ग परिवर्तित किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन ने बताया कि दोहरीकरण कार्य के चलते उत्तर पश्चिम रेलवे की ओर से गाड़ी संख्या 14891, जोधपुर-हिसार रेल सेवा 14 अप्रैल को जोधपुर से प्रस्थान करेगी, यह रतनगढ़ तक ही संचालित होगी। अर्थात यह रेलसेवा रतनगढ-हिसार के मध्य आंशिक रद्द रहेगी।



# मटका किंग का ट्रेलर रिलीज दिखी 1960 के मुंबई की झलक

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा की आगामी वेब सीरीज 'मटका किंग' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें एक कपास व्यापारी के 'मटका किंग' बनने के सफर को दिखाया गया है। दरअसल, मटका किंग से यहां आशय जुआ सरगना बनने से है। इस सीरीज में विजय के साथ कृतिका कामरा, साईं ताम्हणकर, गुलशन ग्रोवर और सिद्धार्थ जाधव जैसे सितारे भी हैं। यह सीरीज 17 अप्रैल से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। सीरीज 'मटका किंग' में विजय ने ब्रिज भट्टी का रोल अदा किया है। ट्रेलर की शुरुआत में ब्रिज भट्टी को एक कपास के कामगार के रूप में दिखाया गया है। 1960 के दशक के बॉम्बे (अब मुंबई) की झलक है।

## लाइफ Style

# तृषा

## अफवाहों का दिया जोरदार जवाब

क्या साउथ एक्ट्रेस तृषा कृष्णन फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। इसी को लेकर उन्होंने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। तृषा कृष्णन बीते कई दिनों से सुर्खियों में हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में वे थलापति विजय के साथ चेन्नई में एक वेडिंग रिसेप्शन में शामिल हुईं थीं। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की चर्चाएं चल रही हैं। इस बीच ये रिपोर्ट्स भी सामने आ रही थीं कि एक्ट्रेस अब फिल्में छोड़कर एक अमीर बिजनेसमैन के साथ शादी करने वाली हैं। जिसके बाद अब इन रिपोर्ट्स का रिसपॉन्स देते हुए तृषा ने एक पोस्ट शेयर किया है। तृषा कृष्णन ने हाल ही में सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर जोरदार जवाब दिया है। खबरें आ रही थीं कि वो जल्द ही फिल्मों से रिटायर होने वाली हैं और नए प्रोजेक्ट्स साइन नहीं कर रहीं, लेकिन तृषा ने इन सबको पूरी तरह गलत बताया। तृषा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर तंज कसते हुए लिखा, 'सुना है मैंने फिल्में छोड़ दी हैं, किसी अमीर बिजनेसमैन से शादी कर ली है और 4 बच्चों की मां भी बन गई हूं, जो कल ही 2 साल के हो गए! कुछ और जोड़ना है या आज की सारी मनगढ़ंत कहानियां यहीं खत्म हो गईं?' इसका मतलब जो भी रिपोर्ट्स सामने आ रहीं थीं, वो सारी गलत थीं। बता दें कि बीते कुछ दिनों से विजय और तृषा के बीच रिलेशनशिप में होने की अफवाहें चल रही हैं। ये इस वजह से भी हो रहा है कि विजय की पत्नी संगीता ने उन्हें तलाक देने की बात कही थी और किसी एक्ट्रेस के साथ अवैध संबंध का जिक्र किया था।



## हॉलीवुड मसाला



# घिनौने व्यक्ति से मेरा कोई संबंध नहीं

**लॉस एंजिल्स।** 'एपस्टीन फाइल्स' से केवल जीजी हदीद ही नहीं, बल्कि उनकी बहन बेला हदीद का भी नाम जुड़ा है। जीजी हदीद ने अब इसपर खुलकर बातें की हैं। उन्होंने कहा, 'उन फाइलों में मेरा नाम होना... मुझे लगता है कि उस समय मेरी उम्र 20-21 साल रही थी जब उसने वह ईमेल लिखा होगा, यह बहुत परेशान करने वाला है। मैं साफ तौर पर कहना चाहती हूं कि मेरा उस घिनौने व्यक्ति से कभी कोई संबंध नहीं है।' जीजी ने नैतिकता पर बातें करते हुए कहा कि भले वो प्रिविलेज्ड लाइफ में पली हों, लेकिन उनके माता-पिता ने उन्हें स्ट्रॉन्ग वैल्यूज़ दिए हैं।



# बीटीएस को मिलेगा लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**लॉस एंजिल्स।** बीटीएस ग्रुप लगातार मिल रही कामयाबी की वजह से चर्चा में है। पूरी दुनिया में नाम कमाने के बाद बीटीएस को उसी देश में सम्मानित किया जा रहा है, जहां से उनके सफर की शुरुआत हुई थी! इस ग्रुप को एरिरांग इंटरनेशनल ब्रॉडकास्टिंग की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर मशहूर 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह सियोल में एरिरांग टीवी के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह सम्मान कई मायनों में खास है। 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' का मकसद बीटीएस को इज्जत देना है। इस ग्रुप ने वह काम किया है जो किसी और बैंड ने नहीं किया है। ग्रुप ने अपने म्यूजिक के जरिए पूरी दुनिया में कोरियाई संस्कृति का प्रसार किया है। 2013 में अपने डेब्यू के बाद से, इस ग्रुप ने लगातार बाधाओं को तोड़ा है और के-पॉप कलाकारों के लिए उदाहरण पेश किया है। एरिरांग टीवी लंबे समय से कोरियाई मनोरंजन और अंतरराष्ट्रीय दर्शकों के बीच एक सेतु का काम करता रहा है।



# कालीघाट मंदिर दर्शन करने पहुंचीं कंगना


**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं। इस दौरान वे कालीघाट काली मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। कंगना ने इस प्रसिद्ध मंदिर में महामाया मां काली का आशीर्वाद लिया और प्रार्थना की। उन्होंने मां काली के चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की। पश्चिम बंगाल में इस महीने विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। पहले चरण के लिए 23 अप्रैल को मतदान होना है। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, परिणाम 04 मई को आएगा। इससे पूर्व हिमाचल प्रदेश के मंडी से भाजपा सांसद कंगना रनौत कोलकाता पहुंचीं और मंदिर दर्शन किए। उनकी फोटोज सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। कंगना रनौत साड़ी पहनकर ट्रेडिशन लुक में नजर आईं। पिंक कलर की सिल्क साड़ी के साथ उन्होंने पारंपरिक गहनों से अपना लुक कंपलीट किया है।



# आशा ने तब्बू को तोहफे में दिया गिटार...

**मुंबई।** मशहूर एक्ट्रेस तब्बू इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला' को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में इसका ट्रेलर रिलीज हुआ। इस बीच तब्बू अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर चर्चा में आ गई हैं। इसमें वे अपना गिफ्ट फ्लॉन्ट करती दिखी हैं, जो उन्हें दिग्गज गायिका आशा भोसले ने जन्मदिन के मौके पर दिया था। इसके साथ तब्बू ने एक नोट भी लिखा है। 'मुझे अपने सबसे यादगार दिनों के बारे में बताइए, मुझे उन पलों के बारे में बताइए जिन्हें आप कभी नहीं भूलेंगे। मुझे बताइए कि आपके दिल को सबसे ज्यादा क्या छू जाता है? मुझे अपनी सबसे कीमती चीजों के बारे में बताइए'। तब्बू ने आगे लिखा है, 'नवंबर में मेरा जन्मदिन था और तभी मेरे दरवाजे से होते हुए यह खूबसूरत चीज, यह गिटार मिला। यह तोहफा आशाजी ने मुझे दिया।

## टीवी मसाला




# दिशा को उसके मुकाम तक पहुंचने के लिए पिता ने छोड़ दी थी नौकरी

**नई दिल्ली।** दिशा वकानी पर इस वक्त दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। उन्होंने अपने पिता को हमेशा के लिए खो दिया है, जिन्होंने अपनी बिटिया को उसके मुकाम तक पहुंचाने में अपनी नौकरी तक छोड़ दी थी। दिशा वकानी के पिता भीम वकानी थिएटर आर्टिस्ट रहे हैं, जिन्होंने कई बड़े-बड़े कलाकारों के साथ काम भी किया है। भीम वकानी आमिर खान की फिल्म 'लगान' में भी नजर आनेवाले हैं। तमाम बड़े स्टार्स के साथ काम कर चुके भीम वकानी को इस बात की खुशी थी कि आज उनकी बेटी उनसे बड़ी स्टार बन गई हैं। भीम वकानी ने एक बार अपने इंटरव्यू में बेटी दिशा वकानी को लेकर काफी सारी बातें की थीं। उन्होंने एक बार मीडिया से बातचीत में बताया था कि बेटी का सपना पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी नौकरी तक छोड़ दी और मुंबई आ गए। दिशा वकानी को एक्टिंग की दुनिया में लाने वाले कोई और नहीं बल्कि उनके पिता ही थे। कई साल पहले मीडिया से हुई बात में दिशा वकानी के पिता ने कहा था, 'ये सब करने में उसको बहुत टाइम लगा है। इसने ड्रामा, डिप्लोमा, डिग्री किया। ये बहुत छोटी थी तब से मेरे साथ इंटीरियर गांव में, आदिवासी गांवों में ये चार शो करने को आती थी। वहां से शुरू किया इसने ड्रामा, डिप्लोमा किया, डिग्री लिया और फिर मुंबई आई।' उन्होंने आगे कहा था, 'मुंबई में 10 साल ड्रामा वगैरह करते-करते ये यहां तक पहुंची है। इसकी चाहत थी कि मुझे मुंबई जाना है। इसलिए मैं नौकरी छोड़कर इसको यहां लाया। पहले लोग मेरे नाम से मेरी बेटी को पहचानते थे कि ये भीम वकानी की बेटी है। अभी उल्टा हो गया है कि ये दिशा वकानी के पापा हैं, मुझे इसका भी गर्व है। ये मेरी बेटी है, मेरे से भी आगे निकल गई है।'

## दो साल बाद लौटेगा 'खतरों के खिलाड़ी'

**नई दिल्ली।** दो साल बाद रियलिटी शो 'खतरों के खिलाडी 15' की टीवी पर वापसी हो रही है। इस शो को एक्शन फिल्मों के लिए मशहूर रोहित शेट्टी होस्ट करते हैं। इस सीजन की तैयारियां जोरों पर हैं। सूत्रों के मुताबिक मई के दूसरे हफ्ते में होस्ट रोहित शेट्टी और कंटेस्टेंट्स केप टाउन, साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो सकते हैं। इस बार भी शो का शेड्यूल लंबा रखा गया है। पूरी शूटिंग करीब 50 दिनों में खत्म करने की प्लानिंग है। रोहित शेट्टी के शेड्यूल को लेकर भी साफ रणनीति बनाई जा रही है। सूत्र ने कहा, 'रोहित सर ने अपने कैलेंडर को इसी हिसाब से सेट किया है कि 'खतरों के खिलाड़ी'के लिए निकलने से पहले 'गोलमाल 5' का बड़ा हिस्सा शूट हो जाए। क्योंकि शो के दौरान वे पूरी तरह उसी प्रोजेक्ट में व्यस्त रहते हैं। वापस आने के बाद उनका फोकस सीधे फिल्म के पोस्ट-प्रोडक्शन पर शिफ्ट होगा।



# अरशद और नवाजुद्दीन की बेटियों ने चुराई लाइमलाइट

**मुंबई।** कभी-कभी सितारे नहीं, बल्कि उनके साथ आए लोग ही चुपचाप सबका ध्यान खींच लेते हैं, और ऐसा ही कुछ हाल ही में एक अवॉर्ड फंक्शन में देखने को मिला। एक्टर अरशद वारसी रविवार को अपनी बेटी जेने जो वारसी के साथ इस फंक्शन में शामिल हुए और देखते ही देखते वह शाम की सबसे चर्चित हस्तियों में से एक बन गईं। रेड कार्पेट से वीडियो ऑनलाइन वायरल होते ही लोगों ने उनकी मौजूदगी पर तुरंत ध्यान दिया और कई लोगों ने उनकी खूबसूरती की तारीफ की। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी की भी खूब तारीफ हुई। दोनों की शालीनता ने अलग ही खबरें फैला दीं। अरशद वारसी की बेटी जेन के फोटोग्राफरों से बातचीत करते और रेड कार्पेट पर चलते हुए वीडियो जल्द ही वायरल हो गए। कई लोगों ने कमेंट सेक्शन में उनकी खूबसूरती और स्क्रीन प्रेजेंस की खूब तारीफ की। एक यूजर ने लिखा- हैंडसम पापा की ब्यूटीफुल बेटी, भगवान तुम्हें हमेशा खुश रखे। एक ने कमेंट किया- कितनी खूबसूरत है। एक तीसरे यूजर ने उनके भविष्य के बारे में कमेंट किया, उन्होंने पूछा- कब डेब्यू करने वाली है?? एकदम हॉट है। एक फैन ने लिखा- श्रद्धा कपूर की कॉपी मिल गई अब। वहीं, नवाजुद्दीन सिद्दीकी की बेटी शोरा सिद्दीकी को देखकर भी लोग दंग रह गए और उनकी खूबसूरती की खूब तारीफ की। शोरा पहले तो रेड कार्पेट पर आने में हिचक रही थीं, फिर उनके पिता नवाज उनके पास आए और समझाया। शोरा की खूबसूरती की तुलना सीधे ऐश्वर्या राय से हुई। पिछले साल नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने शोरा की एक्टिंग को लेकर खुलासा किया था।



# रामायणमः यश बनेंगे अब तक के सबसे अनोखे रावण, शिव भक्त की दिखेगी छवि

**नई दिल्ली।** 'रामायणम' इस साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में लॉस एंजिल्स और मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम में रणबीर कपूर के किरदार 'राम' का पहला टीजर जारी किया। फिल्म इंटरनेट पर चर्चा का विषय बन चुकी है, ऐसे में निर्देशक नितेश तिवारी ने बताया है कि उनकी फिल्म रावण को एक बड़े खलनायक के रूप में दिखाने के बजाय, अधिक लेयर्स में और मानवीय रूप में दिखाएगी।



'केजीएफ' स्टार यश फिल्म में रावण की भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म निर्माता के अनुसार, यश का अभिनय न केवल रावण के बुरे पहलुओं को दिखाएगा, बल्कि भगवान शिव के प्रति उनकी भक्ति, संगीत का टैलेंट और एक सक्षम शासक के रूप में उनके गुणों को भी दिखाएगा- साथ ही यह भी दिखाएगा कि कैसे अहंकार और क्रोध अंत नें उसके पतन का कारण बनते हैं। लॉस एंजिल्स में फिल्म के टीजर लॉन्च के मौके पर बोलते हुए नितेश तिवारी ने कोलाइडर से कहा, 'देखिए, रावण के जीवन के कई पहलू थे। वह एक महान योद्धा था, एक कुशल संगीतकार था, एक विद्वान था, एक दयालु राजा था... एक महान शिव भक्त था।' रावण के इन सभी पहलुओं को दिखाना बहुत जरूरी है, क्योंकि इनमें एक बहुत सबक छिपा है। आपमें कितने भी अच्छे गुण हों, लेकिन अगर आप बदले की भावना और अहंकार से प्रेरित हैं, तो आप जानते हैं कि इसका अंत क्या होगा। इसी कार्यक्रम में रणबीर कपूर ने यश के रावण के किरदार में ढलने की तारीफ करते हुए उनकी दमदार प्रेजेंस की सराहना की। यश के पास बेशक स्टारडम है। रावण का किरदार निभाने के लिए ऐसे व्यक्ति की जरूरत होती है जिसमें वो औरा और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो। रावण के रूप में उन्हें देखना बहुत अलग है। मुझे लगता है कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखना पसंद करेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यश इस प्रोजेक्ट में निर्माता के तौर पर भी शामिल हैं। अप्रैल 2025 में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए उन्होंने वैरायटी को बताया, 'भारतीय सिनेमा को वैश्विक स्तर पर दिखाने वाली फिल्में बनाना मेरी लंबे समय से ख्वाहिश रही है।


## पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में बॉडी डबल के साथ सिनेमा में रखा था कदम

# सेट पर निर्देशक को खुश करने के लिए चापलूसी की हदें कर दी थीं पार

***नई दिल्ली।* *जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। उस वक्त जितेंद्र सेट पर हर तरीके का काम करते थे और एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। एक्टर ने डायरेक्टर वी. शांताराम की चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं।***

### जितेन्द्र के बारे में अनसुनी बातें

हिंदी सिनेमा में पहचान बनाने के लिए सभी को दिन-रात मेहनत करनी पड़ती है। किसी भी नए एक्टर को पहली फिल्म मिलना किस्मत के चमक जाने के जैसा होता है, लेकिन जितेंद्र के लिए यह घाटे का सौदा रहा था।



मात्र 150 रुपए से फिल्मों में कदम रखने वाले जितेंद्र ने कभी नहीं सोचा था कि वे फिल्मों में काम करेंगे, लेकिन पैसे कमाने और पहचान बनाने की चाह में एक्टर ने बॉडी डबल के साथ हिंदी सिनेमा में कदम रखा था।

**नकली जूलरी की दुकान** : जितेंद्र के पिता की नकली जूलरी की दुकान थी, जो फिल्मों के सेट पर भी अपने नकली गहने बेचा करते थे। जितेंद्र भी अपने पिता के काम में हाथ बांटते थे। उन्होंने मुंबई के सेंट सेबेस्टियन गोअन हाई स्कूल में अपने दोस्त राजेश खन्ना के साथ पढ़ाई की। इसके बाद उन्होंने मुंबई के सिद्धार्थ कॉलेज से उन्होंने आगे की पढ़ाई की। हालांकि, वे बचपन से ही फिल्मों के शौकीन थे, लेकिन नहीं पता था कि गहने बेचने का काम ही हिंदी सिनेमा में कदम रखने का पहला रास्ता है।

### चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे

बहुत कम लोग जानते हैं कि जितेंद्र ने फिल्म 'सेहरा' के सेट पर हर तरीके का काम किया था। वे आर्टिस्ट का सारा काम करते थे और उनकी जरूरतों का ध्यान भी रखते थे। उस वक्त एक महीने की तनख्वाह 150 रुपए थी। इसी फिल्म के दौरान एक्टर ने वी. शांताराम को प्रभावित करने के लिए चापलूसी की सारी हदें पार कर दी थीं। खुद एक्टर ने स्वीकारा था कि निर्देशक को इम्प्रेस करने के लिए वो सेट पर चापलूसी करने से भी पीछे नहीं हटते थे।

### सफल शुरुआत करने के बावजूद बुरा दौर देखा

हालांकि, 1970 के दशक की सफल शुरुआत करने के बावजूद जितेंद्र ने 1972 से 1973 तक काफी बुरा दौर देखा। इस बीच उनकी अधिकांश फिल्में एक हसीना दो दीवाने (1972), शादी के बाद (1972), यार मेरा (1972), रूप तेरा मस्ताना (1972), अनोखी अदा (1973) और गहरी चाल (1973) जैसी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर असफल रहीं ।

### ऊंट पर छलांग लगा दी

उन्होंने बताया कि एक बार फिल्म में एक्ट्रेस संध्या को एक सीन करना था, जिसमें ऊंट पर कूदना था। निर्देशक ऐसे शख्स की तलाश में थे, जो यह सीन कर सके और बिल्कुल संध्या जैसा दिखे। वी. शांताराम को इम्प्रेस करने के लिए एक्टर ने सीन को करने के लिए हां कर दिया और ऊंट पर छलांग लगा दी। वो सीन सिर्फ पैसे के लिए नहीं किया था, बल्कि खुद को साबित करने के लिए किया था, जिसके बाद निर्देशक ने फिल्म 'गीत गाया पत्थरों ने' में लीड रोल दिया और तनख्वाह थी 100 रुपए। एक्टर ने बताया कि इस वक्त पैसे से फर्क नहीं पड़ता था, क्योंकि जितेंद्र को जितेंद्र बनाने वाले वी. शांताराम थे और उनकी की बदौलत सिनेमा में कदम रखा था।

**धर्मवीर ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर रही** : इसके बाद उन्हें भाई हो तो ऐसा (1972) और जैसे को तैसा (1973) जैसी फिल्मों से कुछ सफलताएं मिलीं और गुलजार के परिचय (1972) में उन्हें काफी तारीफ मिली। इसके बाद 1974 में एल.वी. प्रसाद की फिल्म बिदाई में लीना चंदावरकर के साथ नजर आए जो सुपरहिट रही। 1977 जितेंद्र के लिए कई सफलताओं से भरा एक बड़ा साल साबित हुआ। मनमोहन देसाई की शानदार फिल्म धर्मवीर ने उन्हें एक ऑल टाइम ब्लॉकबस्टर दी।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर धीरेपाल सम्मानित

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ निवासी बीएसएफ से सेवानिवृत्त सब इंस्पेक्टर धीरेपाल यादव पुत्र रामस्वरूप का मिशन महेंद्रगढ़ अपना जल टीम एवं ग्राम पंचायत सिसोठ के सदस्यों ने हरियाली का प्रतीक पौधा और फूलों का बुक्का भेंटकर सम्मानित किया। मिशन महेंद्रगढ अपना जल टीम सदस्य एवं समाजसेवी मुकेश चौहान, सूरत सिंह चेयरमैन व सरपंच बीरेंद्र यादव ने बताया कि धीरेपाल यादव सब इंस्पेक्टर के पद पर होते हुए अपने पद के अनुरूप गरिमा में रहते हुए ईमानदारी और निष्ठा से अपनी ड्यूटी पूरी की है। वे हमेशा सरल स्वभाव और सबसे मिलन सार व्यक्तित्व के धनी रहे है।

### सनातन धर्म उत्थान समिति लगाएगी शिविर

**कनीना।** सनातन धर्म उत्थान समिति की ओर से गांव गांव धर्म जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। गोमली निवासी सनातन धर्म उत्थान समिति के प्रदेश संयोजक रामरतन शर्मा ने बताया कि समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष योग तीर्थ स्वामी आत्मानंद सरस्वती की अध्यक्षता में यह कार्य किया जाएगा। जिसकी रूपरेखा तैयार की जा रही है। समिति के राष्ट्रीय संरक्षक हेमंत मुनि ने कहा कि समिति की ओर से स्वामी आत्मानंद सरस्वती के दिशानिर्देशन में कार्य किया जा रहा है।

### मंत्री रखेंगे डॉ. आंबेडकर छात्रावास की आधारशिला

**महेंद्रगढ़।** डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मारक समिति के तत्वावधान में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती व समानता शिक्षा के जनक महात्मा ज्योतिबा फूले की 200वीं जयंती 14 अप्रैल को आंबेडकर भवन में मनाई जाएगी। इस संबंध में प्रधान अमन देवी जोरासिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि वन मंत्री राव नरबीर सिंह रहेंगे। अध्यक्षता भिवानी महेंद्रगढ़ सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह, विशिष्ट अतिथि विधायक कंवर सिंह यादव, पूर्व मंत्री प्रोफेसर रामबिलास शर्मा एवं पटौदी पूर्व विधायक सत्यप्रकाश जरावता होंगे। प्रधान ने बताया कि समाज के उत्थान के लिए संगठित ढांचे को मजबूती प्रदान करने के लिए डॉ. अंबेडकर भवन में पांच मंजिला इमारत बनेगी, जिसमें 5.50 करोड़ रुपये लागत आएगी। इस डॉ. अंबेडकर छात्रावास की आधारशिला रखने के लिए सर्वसमिति से प्रस्ताव पारित किया गया है।

### 5 किलो के सिलेंडरों का विकल्प भी मौजूद

**नारनौल।** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी उपायुक्तों के साथ एलपीजी और पीएनजी वितरण पर चर्चा की तथा संबंधित विभागों को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए। जिला महेंद्रगढ़ की ओर से उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जिले की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट किया कि महेंद्रगढ़ में एलपीजी गैस की कोई कमी नहीं है। डीसी ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उपभोक्ताओं को बिना किसी बाधा के रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# शहर के बीचोंबीच नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे पर लगेंगी स्ट्रीट लाइटें, काम हुआ शुरू

*1.62 करोड़ रुपये की आएगी लागत, काफी समय से अंधेरे में डूबा था स्टेट हाईवे*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

लंबे समय के इंतजार के बाद शहर के बीचों-बीच से गुजर रहे नवनिर्मित फोरलेन स्टेट हाईवे 148बी के दिन अब बहुरने वाले हैं। पिछले लगभग एक वर्ष से अंधेरे में डूबा यह मार्ग जल्द ही आधुनिक फैंसी लाइटों से जगमगा उठेगा। अच्छी खबर यह है कि बजट और टेंडर की औपचारिकताओं के बाद अब धरातल पर काम शुरू हो चुका है। एजेंसी द्वारा डिवाइडरों के बीच लाइटों के पोल के लिए फाउंडेशन बनाए जा चुके हैं। बता दें कि गौरतलब है कि पिछले करीब एक वर्ष से इस मुख्य मार्ग पर स्ट्रीट लाइटों का न होना शहरवासियों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ था। रात के समय अंधेरा होने के कारण न केवल हादसों में बढ़ोतरी हो रही थी, बल्कि आवारा पशुओं के कारण वाहन चालकों की जान पर भी बन आती थी। शुरुआत में नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग के बीच रखरखाव और बिजली बिल के भुगतान को लेकर तालमेल नहीं बन पा रहा था। पीडब्ल्यूडी ने पत्राचार किया और नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने शहर हित में बिजली बिल व रखरखाव की जिम्मेदारी लेने का सहमति पत्र भेजा। इसके बाद ही एक करोड़ 62 लाख रुपये के बजट को मंजूरी मिली और टेंडर प्रक्रिया संपन्न हुई।



महेंद्रगढ़। एजेंसी द्वारा डिवाइडर के बीच में बनाए जा रहे फाउंडेशन।

### 176 फैंसी लाइटों से रोशन होगा मार्ग

नारनौल-दादरी स्टेट हाईवें पर एजेंसी ने निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। योजना के तहत महाराजा शूर सैनी चौक (कैंची टी-पॉइंट) से लेकर मुख्य ओवरब्रिज तक कुल 148 फैंसी लाइटें लगाई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, शहर के ओवरब्रिज के ऊपर भी 28 विशेष लाइटें स्थापित की जाएंगी, ताकि शहर के अंदर का यह पूरा मार्ग रोशन रहे तथा शहर की सुंदरता में भी वृद्धि हो। वर्तमान में डिवाइडर के बीचों-बीच फाउंडेशन तैयार किए जा चुके हैं। दो खंभों के बीच लगभग 25 मीटर की दूरी रखी जा रही है, हालांकि सड़क पर आने वाले कट्स और मोड़ों के हिसाब से इस दूरी में मामूली बदलाव किया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अगले एक माह के भीतर सभी फाउंडेशन तैयार कर लिए जाएंगे, जिसके तुरंत बाद पोल और लाइटें लगाने का फिटिंग कार्य शुरू होगा। हालांकि एजेंसी के पास इस पूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए 22 अगस्त तक का समय है, लेकिन कार्य की गति को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि मई माह के अंत तक शहर का यह स्टेट हाईवे पूरी तरह रोशन हो जाएगा।

### यह बोले चेयरमैन

नगर पालिका चेयरमैन रमेश सैनी ने बताया कि इन फैंसी लाइटों के लगने से शहर को एक नई पहचान मिलेगी। पहले जहां रात में हाईवे पर अंधेरा रहता था, अब वहां सुरक्षा का माहौल होगा। नगर पालिका ने अपने वादे के अनुसार लाइटों के रखरखाव और बिजली मीटर कनेक्शन की जिम्मेदारी संभाल ली है।

### यह बोले जेई

शहर के स्टेट हाइवे को लेकर बनाए गए 1.62 करोड़ के इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। फाउंडेशन का काम चल रहा है और हमारा प्रयास है कि निर्धारित समय से पहले ही जनता को यह सुविधा समर्पित कर दी जाए ताकि हादसों पर अंकुश लग सके।

## दुष्कर्म के बाद गर्भवती हो गई थी किशोरी, फास्ट ट्रैक कोर्ट ने सुनाया फैसला

# नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी दोषी करार, 20 साल सजा,1 लाख जुर्माना

*जुर्माना नहीं भरने पर बढ़ेगी दो साल अतिरिक्त सजा*

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के एडीजे लोकेश गुप्ता की अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी को दोषी करार दिया है। दुष्कर्म के बाद किशोरी गर्भवती हो गई थी। कोर्ट ने दोषी को 20 साल के कारावास व 1 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषी को 2 साल का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत में बताया था कि वह पहले परिवार के साथ रेवाड़ी में रहता था। नवंबर 2022 को वह परिवार के साथ वापस फरीदाबाद आ गया था। इसी वर्ष उसकी पत्नी को डांटने के कारण उसकी 17 वर्षीय बेटी घर छोड़कर चली गई थी। 9 मई 2023 को राजस्थान पुलिस ने बताया कि उनकी बेटी राजस्थान में है। राजस्थान से वापस फरीदाबाद लाने के बाद नाबालिग की काउंसलिंग व मेडिकल जांच में पता लगा कि वह छह-सात माह की गर्भवती है। नाबालिग ने परिजनों को बताया कि वह रेवाड़ी के माडल टाउन स्थित एक होटल में खाना लेने के लिए गई थी। वहीं पर उसकी मुलाकात होटल में काम करने वाले युवक अंकुश से हुई थी। अंकुश ने होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया था।




### 12 मई 2023 को हुआ था केस दर्ज

नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसके गर्भवती होने की बात सामने आने के बाद 11 मई 2023 को थाना पल्ला फरीदाबाद में जीरो एफआईआर दर्ज करते हुए मॉडल थाना पुलिस को भेजा था। पुलिस ने 12 मई 2023 को आरोपी युवक के विरुद्ध पोकसो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त आरोपी अंकुश कुमार को गिरफ्तार कर लिया था। उसके खिलाफ कोर्ट में चालान पेश किया गया था।

### पुलिस ने पेश किए कोर्ट में ठोस साक्ष्य

लगभग तीन साल तक फास्ट ट्रैक कोर्ट में चले इस मामले में पुलिस व मेडिकल करने वाले डॉक्टर सहित लगभग एक दर्जन लोगों की गवाहियां हुर्इं। पुलिस की ओर से ठोस साक्ष्य प्रस्तुत किए गए, जिनके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा सुनाई।

# लोगों को निवेश के नाम पर झांसा देकर धोखाधड़ी

## फर्जी निवेश एप का दिया झांसा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को सिप यानि सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सावधान रहने की सलाह दी है। सिप, म्यूचुअल फंड में निवेश करने का एक अनुशासित और लोकप्रिय तरीका है, जिसमें नियमित अंतराल में राशि निवेश की जाती है। यह बैंक की आरडी की तरह काम करता है,जो बाजार में उतार-चढ़ाव में भी बेहतर रिटर्न पाने में मदद करता है। एसपी ने कहा कि वर्तमान में साइबर अपराधी लोगों को निवेश के नाम पर झांसा देकर उनके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। एसपी ने बताया कि ठग फर्जी निवेश एप, वेबसाइट या सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें सिप में निवेश करने पर कम समय में अधिक मुनाफा देने का लालच देते हैं। र देते हैं या संपर्क तोड़ देते हैं। कई मामलों में निवेशक को नकली डैशबोर्ड दिखाकर झूठा मुनाफा भी दिखाया जाता है, जिससे वह और अधिक निवेश करता रहता है। एसपी ने कहा कि किसी भी निवेश योजना में गारंटीड रिटर्न का दावा करना अक्सर धोखाधड़ी का संकेत होता है। निवेश हमेशा प्रमाणित और अधिकृत संस्थाओं के माध्यम से ही करना चाहिए।

### ऐसे ठगी से बचें

केवल सेबी से पंजीकृत कंपनियों-एजेंट्स के माध्यम से ही निवेश करें। अनजान एप, लिंक या वेबसाइट के जरिए सिप में निवेश न करें। सोशल मीडिया या व्हाट्सएप-टेलीग्राम ग्रुप के जरिए दिए गए निवेश ऑफर पर भरोसा न करें। गारंटीड रिटर्न या बहुत ज्यादा मुनाफे के दावे से सतर्क रहें। निवेश करने से पहले कंपनी की वैधता व रजिस्ट्रेशन की जांच अवश्य करें। अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, पिन या पासवर्ड किसी के साथ साझा न करें।



रेवाड़ी। सुपरवाइजरों को जानकारी देते हुए डॉक्टर।

### स्वास्थ्य केंद्रों में वीबीडी कार्य को सुचारू रूप से करवाएं सुपरवाइजर: सीएमओ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले के सभी मल्टीपर्पज हेल्थ सुपरवाइजर की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में गर्मी के मौसम में मच्छरों की अधिकता को रोकथाम की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। सीएमओ डा. दहिया ने कहा कि सभी सुपरवाइजर अपने-अपने स्वास्थ्य केंद्रों में ग्राम पंचायत के सहयोग से वीबीडी के कार्य को सुचारू रूप से कराएं। उप सिविल सर्जन डा. भंवर सिंह ने स्वास्थ्य प्रोग्राम के बारे में बताते हुए पर्सनल हाइजीन, वाटर बोर्न डिसिजेस व आस पास उपलब्ध होने वाले रेहड़ी, खोपचो पर मिलने वाले खाने में अशुद्धियों के बारे में जानकारी दी। उप सिविल सर्जन डा. जोगेन्द्र सिंह तंवर ने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष का थीम स्वास्थ्य के लिए, एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें है। उन्होंने बताया कि सभी अपने कार्य क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करें। सभी स्वास्थ्य निरीक्षक अपने क्षेत्र में सभी सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं के पीने के पानी की टंकियों का निरीक्षण कर नमूने भेजे और महीने में दो बार टंकियों की सफाई कराना सुनिश्चित करें।



रेवाड़ी। सम्मेलन को लेकर स्टाफ को दिशा-निर्देश देते हुए कुलपति मिगलानी।

### आईजीयू में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आज से, 150 से अधिक शोधपत्र होंगे प्रस्तुत

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र एवं वाणिज्य विभाग तथा पर्यटन एवं प्रबंधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 8 व 9 अप्रैल को स्वदेशी शोध संस्थान के सहयोग से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य विजन-2047 के तहत आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सतत भारत के निर्माण के लिए नए विचार, नीतिगत सुझाव एवं व्यावहारिक समाधान प्रस्तुत करना है। सम्मेलन में इस विषय पर ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुति देने के लिए अब तक 150 से अधिक शोध पत्र प्राप्त हो चुके हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर राज नेहरू ओएसडी सीएम शिरकत करेंगे एवं मुख्य वक्ता के रूप में सतीश सह-संघटक स्वदेशी जागरण मंच तथा विशिष्ट अतिथि दीपक जैन अध्यक्ष एफआईआई, रवि गुप्ता निदेशक बीएमजी, एसके अग्रवाल अध्यक्ष जीएनजी गुरुग्राम, प्रो. एसएन सचदेवा कुलपति कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय और प्रो. बीआर कंबोज कुलपति सीसीएसएचएयू हिसार उपस्थित रहेंगे। कुलपति प्रोफेसर असीम मिगलानी ने सम्मेलन को लेकर समितियों के संयोजकों एवं सदस्यों की बैठक ली, जिसमें कार्यक्रम से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया गया। कार्यक्रम की संयोजक एवं कौशल संवर्धन और व्यावसायिक विकास केंद्र की निदेशक प्रो. रितु बजाज ने बताया कि देश-विदेश के शिक्षाविद, शोधार्थी, उद्योग विशेषज्ञ एवं नीति-निर्माता सम्मेलन में आर्थिक विकास, हरित भारत, महिला उद्यमिता, सामाजिक समानता एवं भारतीय ज्ञान प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा करेंगे।

# जनगणना देश के जनकल्याण के लिए अति आवश्यक : एसडीएम

## नागरिकों की सटीक और पारदर्शी जानकारी एकत्र करने पर दें जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय जनगणना 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को दिशा-निर्देश देने के लिए एसडीएम योगेश सैनी आईएएस मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम में उनके आगमन पर राजकीय हिंदी अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष राजेश शर्मा झाड़ली, हरियाणा मास्टर वर्ग संगठन जिला महेंद्रगढ़ प्रधान दीपक कुमार शर्मा, तहसील कार्यालय के कानूनगो नरेश सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. विजय यादव एवं प्रवक्ता दिनेश शर्मा द्वारा पगड़ी एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। एसडीएम योगेश सैनी ने कहा कि जनगणना देश के समग्र विकास एवं जनकल्याण की योजनाओं के निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी प्रगणक एवं पर्यवेक्षक घर-घर जाकर प्रत्येक नागरिक से सही, सटीक एवं पारदर्शी जानकारी एकत्र करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एकत्रित किए जाने वाले सभी आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे तथा इनका किसी भी व्यक्ति की आय या व्यक्तिगत मामलों से कोई संबंध नहीं होगा। उन्होंने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग का कार्य किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक परिवार एवं आवास से संबंधित मूलभूत जानकारी एकत्र की जाएगी।



महेंद्रगढ़। एसडीएम का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जनगणना को सफल बनाने का संकल्प

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य जनगणना 2027 को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी संबंधित कर्मियों को प्रशिक्षित करना है। अंत में महाविद्यालय प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद किया गया तथा कार्यक्रम का समापन राष्ट्रहित में जनगणना कार्य को सफल बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

## विश्व हेल्थ डे के उपलक्ष्य में स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति पर संगोष्ठी

# स्वस्थ शरीर के लिए नशामुक्त जीवन अपनाएं

- स्वच्छता, संतुलित खान-पान और योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई की ओर से मंगलवार को गवर्नमेंट ब्वायज सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत हरियाणा के प्रांत अध्यक्ष डा.आरबी यादव ने शिरकत की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लक्ष्मण सिंह यादव उपस्थित थे। इस मौके पर मुख्य वक्ता डा. यादव ने कहा कि केवल बीमारी का न होना ही स्वास्थ्य नहीं है। उन्होंने बताया कि शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होना ही पूर्ण स्वास्थ्य है। उन्होंने कहा कि हमारी हिंदू सभ्यता और जीवनशैली पूर्णतः वैज्ञानिक है, जो हमें स्वस्थ जीने की कला सिखाती है। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य की देखभाल पर भी विशेष बल दिया। विधायक लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हमारा शरीर पांच तत्वों से मिलकर बना है, इसलिए हमें पर्यावरण की शुद्धता और इन तत्वों के संतुलन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने स्वच्छता, संतुलित खान-पान और योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक ने सभी बच्चों और स्टाफ सदस्यों को नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया।



रेवाड़ी। कार्यक्रम में मौजूद विधायक व अन्य अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### विशेषज्ञों ने दी नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी

विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर रामपाल ने युवाओं को नशे के विभिन्न प्रकारों और उनसे शारीरिक व सामाजिक नुकसान के बारे में जानकारी दी। वरिष्ठ लेक्चरर नम्रता सचदेवा ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर एक स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में बीईओ राजेश वर्मा उपस्थित थे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के उपाध्यक्ष शिव कुमार ने की। मंच संचालन जिला सचिव धीरज ने किया। स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने अतिथियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर जिला संगठन सचिव कृष्ण कुमार, दिनेश, अनिल, बिहारी, अरुण गुप्ता, एडवोकेट सुनीता, रमेश सचदेवा व शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ सहित स्कूल के सभी शिक्षक और शहर के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर डीएलएसए ने लगाए कानूनी जागरूकता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित वर्मा के मार्गदर्शन में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में विभिन्न स्थानों पर कानूनी जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के माध्यम से आमजन को उनके स्वास्थ्य से जुड़े मौलिक एवं विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई। डीएलएसए की ओर से चलाई जा रही मेडिएशन फॉर नेशन योजना के तहत लोगों को आपसी विवाद आपसी सहमति से सुलझाने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से सुलभ एवं त्वरित न्याय के प्रति भी जागरूक किया गया तथा व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के व्यक्तियों तथा तीन लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले सभी पात्र व्यक्तियों को निःशुल्क कानूनी सहायता प्रदान की जाती है।



रेवाड़ी। लोगों को कानूनी जानकारी देते हुए अधिवक्ता।


**सूचना**

मैं, शकुंतला पत्नी श्री रामकिशन निवासी ग्राम झाबूआ, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम शकुंतला है। मेरे सभी कागजात में मेरा नाम शकुंतला दर्ज है। मेरे मतदाता पहचान पत्र में नाम लाली दर्ज है, जोकि गलत है। शकुंतला और लाली उपरोक्त दोनों नाम मेरे एक ही औरत है।

## दक्षिणी हरियाणा के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा

# झमाझम बारिश के बाद फरवरी जैसा मौसम, दोपहर बाद साफ हुआ आसमान





रेवाड़ी। मंगलवार को बरसात का मौसम होने पर अनाजमंडी में ढकी गई सरसों, सोमवार देर रात हुई तेज बरसात से अनाजमंडी के फड पर जमा पानी तथा एक खेत में काटी गई गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

वेस्टर्न डिस्टरबेंस के अंतिम पड़ाव पर जिले के कई हिस्सों में दोपहर तक तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश के बाद में तापमान में 6.5 डिग्री की गिरावट आने से मौसम फरवरी जैसा ठंडा हो गया। पंखे और एसी तक चलने बंद हो गए। बीते साल अप्रैल माह में जहां गर्मी ने जमकर पसीने छुड़ाए थे, वहीं इस साल लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली हुई है। बुधवार को एक बार फिर तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। इसके बाद मौसम पूरी तरह से साफ होने की उम्मीद है। तापमान में तेजी से वृद्धि देखने को मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान पश्चिमी विक्षोभ अब तक का सबसे अधिक सक्रिय विक्षोभ साबित हो सकता है, जो बड़े इलाके में व्यापक बारिश कर सकता है। इस सिस्टम के गुजरने के बाद बड़ी मौसमी गतिविधियां थम जाएंगी और बारिश कई दिनों के लिए रुक जाएगी। बीच-बीच में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ आते रहेंगे, लेकिन उनका प्रभाव लगभग नगण्य रहेगा। मंगलवार की रात और बुधवार सुबह अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग तीव्रता की बारिश और ओलावृष्टि हो सकती है। यह सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तर भारत के पहाड़ी और मैदानी दोनों क्षेत्रों को पूरी तरह प्रभावित करेगा। दक्षिणी हरियाणा के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश होने का अंदाजा लगाया जा रहा है।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 9 अप्रैल से आसमान पूरी तरह साफ हो जाएगा। इसके बाद तापमान में तेजी से वृद्धि दर्ज की जाएगी। अप्रैल माह के दूसरे पखवाड़ में लोगों को भारी गर्मी का सामना करना पड़ेगा।

### कल से आसमान साफ होने की उम्मीद, आज एक बार फिर से मौसम में बदलाव की संभावना

#### बारिश के बाद ठंडा हुआ मौसम

मंगलवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। इसके बाद कई इलाकों में हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। अधिकतम तापमान 6.5 डिग्री की कमी के साथ 27.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री की वृद्धि के साथ 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 70 प्रतिशत रहा। दोपह तक 20 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। दोपहर बाद आसमान एक बार साफ हो गया, लेकिन सूर्यास्त तक एक बार फिर बादल गहराने से बारिश की संभावना बन गई।

#### गत वर्ष शुरू हुई थी भारी गर्मी

गत वर्ष मार्च और अप्रैल माह में मौसम काफी हद तक साफ रहा था। मार्च के दूसरे पखवाड़े में तापमान 40.0 डिग्री के पार होना शुरू हो गया था। इस साल अभी तक अधिकतम तापमान इस स्तर पर नहीं पहुंचा है। तापमान 35 डिग्री के आसपास ही बना रहा है। गत वर्ष 7 अप्रैल के दिन अधिकतम तापमान 41.5 डिग्री और न्यूनतम 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। पंखे और एसी के साथ-साथ कूलर भी चलने शुरू हो गए थे। मंगलवार को मौसम इस तरह से ठंडा हुआ कि पंखे तक बंद करने पड़ गए।

#### बिजली की डिमांड भी हुई कम

मार्च माह के पहले पखवाड़े में गर्मी के तेवर तल्ख होते ही पंखे और एसी चलने शुरू हो गए थे। बिजली की दैनिक खपत बढ़कर 70 लाख यूनिट के पास हो गई थी। कृषि क्षेत्र में भी बिजली की डिमांड बढ़ गई थी। इस समय कृषि क्षेत्र में बिजली की डिमांड काफी कम हो चुकी है। घरेलू क्षेत्र में मौसम ठंडा होने के बाद बिजली की खपत कम हो गई है। इस समय बिजली की दैनिक खपत 60 लाख यूनिट से भी कम चल रही है, जिसमें अप्रैल के दूसरे पखवाड़े में तेजी से वृद्धि की संभावना है।

#### गेहूं कटाई का कार्य तेजी से जारी

इस समय गेहूं की फसल काटने का कार्य अंतिम चरण में है, तो तेजी से किया जा रहा है। बारिश के बाद कई इलाकों में कटाई और फसल निकालने का कार्य रुक गया। किसानों ने एकत्रित की हुई फसल को ढककर खराब होने से बचा लिया। खेतों में खड़ी फसल भीगने के कारण कटाई रुक गई। गेहूं की कटाई का कार्य लगभग 10 फीसदी ही बचा हुआ है। मौसम साफ होने के बाद कटाई और फसल निकालने का कार्य तेजी से शुरू हो जाएगा, जिससे मंडियों में आवक बढ़नी शुरू हो जाएगी।

## श्री हजूर साहिब नांदेड़ की निःशुल्क यात्रा के लिए 15 तक पंजीकरण

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार की मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत श्री हजूर साहिब नांदेड़ महाराष्ट्र के लिए 5 मई को कुरुक्षेत्र से विशेष ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी इस ट्रेन को झंडी दिखाकर प्रदेश के विभिन्न जिलों से जाने वाली संगत को रवाना करेंगे। डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक, जिनकी आयु 60 वर्ष से अधिक है और उनकी पारिवारिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, वे इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। योजना का लाभ उठाने के लिए सरल हरियाणा पोर्टल पर 15 अप्रैल तक पंजीकरण किया जा सकता है। पात्र व्यक्ति नजदीकी सीएससी सेंटर या अपने स्मार्ट फोन से सरल हरियाणा पोर्टल पर घर बैठे इस निःशुल्क यात्रा के लिए पंजीकरण कर सकते हैं। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के तहत आवेदन करने के लिए आवेदक हरियाणा का निवासी हो और परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। इसके साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड या अन्य सरकारी आईडी, शारीरिक रूप से यात्रा के लिए फिट होने की स्वयं की घोषणा आवश्यक है, इसके अलावा पिछले तीन वर्षों में योजना का लाभ न लिया हो। वरिष्ठ नागरिक को एक सहायक के रूप में पूर्ण भुगतान पर साथ ले जाने की अनुमति है। योजना के नियमों के अनुसार, कोई भी व्यक्ति हर तीन वर्षों में केवल एक बार ही इस सुविधा का लाभ ले सकता है।

## बेहतर पुलिसिंग कर कार्यों में पारदर्शिता लाने का निरंतर प्रयास करें अधिकारी: डीएसपी

- डीएसपी नेअधिकारियों व कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

डीएसपी कोसली विद्यानंद ने मंगलवार को थाना रोहड़ाई का दौरा किया। उन्होंने थाना परिसर में पौधरोपण कर सभी जवानों से पर्यावरण संरक्षण का करने का आह्वान किया, वहीं पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को बेहतर पुलिसिंग और कार्यों में पारदर्शिता लाने बारे आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर प्रबंधक थाना इंस्पेक्टर विद्या सागर सहित थाने का समस्त स्टाफ मौजूद था।। सभी पुलिसकर्मियों ने एकजुट होकर पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने का संकल्प भी लिया।



इस मौके पर डीएसपी विद्यानंद ने कहा की सभी को पर्यावरण के संरक्षण और संवर्धन के लिए आगे आना चाहिए। आसपास पौधे लगाना हमारी सबकी जिम्मेदारी है ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकें।

**पीड़ित को न्याय और पारदर्शिता सर्वोपरि**

डीएसपी ने कहा कि थाना में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता की शिकायत को गंभीरता से लेकर शीघ्र न्याय दिलाने का हर संभव प्रयास करें। किसी के साथ अभद्र व्यवहार न करें। साथ ही बेहतर पुलिसिंग कर, पुलिस कार्यों में पारदर्शिता लाने का निरंतर प्रयास करें।

## 'मनुष्य तू बड़ा महान है' का कार्यक्रम मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



हमारा परिवार संस्था की ओर से पंजाबी धर्मशाला में जीवन में नवीन ऊर्जा लाने वाले कार्यक्रम मनुष्य तू बड़ा महान है का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव, विश्व हिंदू परिषद भिवानी विभाग मंत्री राजकुमार यादव व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि संकल्प में महान शक्ति निहित है। आचार्य चाणक्य का मगध के सम्राट ने भरी सभा में अपमान किया। चाणक्य ने भरी सभा में शपथ ली कि वे मगध के विलासी सम्राट घनानंद को सत्ता से हटा कर रहेंगे। उन्होंने चन्द्रगुप्त को अपना शिष्य बनाया। इस मौके पर महिला प्रधान निशा सीकरी, भाजपा नेत्री दीपा भारद्वाज, शिक्षाविद मधु गुप्ता, डा. देवेन्द्र कुमार, हिमांशु, नयन शर्मा, जगन मखीजा, सुदर्शन मेहंदीरत्तर व पुरुषोतम नंदवानी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों का पता लगाने के लिए पुलिस ने चलाया सर्च अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

पुलिस व स्वैत टीम ने मंगलवार को खोल व मॉडल टाउन थाना क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से रहने वाले रोहिंग्या व बांग्ला देशी नागरिकों का पता लगाने के लिए सर्च अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस की ओर से अनेक स्थानों पर झुग्गी-झोपड़ियों, होटल, पोल्ट्री फार्म व अन्य संदिग्ध स्थानों पर अवैध तरीके से रहने वाले संदिग्ध लोगों की जांच की। पुलिस टीम ने वहां पर रह रहे बाहरी श्रमिकों की भी जानकारी लेकर उनके पहचान पत्रों व वाहनों के कागजातों की जांच की। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिले में अनाधिकृत रूप से किसी को भी रहने की छूट



नहीं है। जिले में बाहर से आकर आकर रहने वाले लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से पहचान होना अत्यंत आवश्यक है। एसपी ने सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र में सरकार की ओर से जारी आदेशों के अनुसार अप्रवासी रोहिंग्या व बांग्लादेशी नागरिकों की पहचान करके उनको वापस भेजने की प्रक्रिया अमल में लाने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### कबड्डी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने पर कोच व छात्राएं सम्मानित

बावल। जानदीप स्कूल दुल्हेड़ा खुर्द के विद्यार्थियों ने महाराष्ट्र के पुणे में एमेच्योर जूनियर कबड्डी फेडरेशन की ओर से आयोजित 35वीं राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर अपने माता-पिता, शिक्षकों, स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कबड्डी टीम में शामिल स्कूल की छात्रा हिमांशी और महक ने चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। पदक जीतने पर ज्ञानदीप इंटरनेशनल स्कूल की ओर से 11-11 हजार रुपये नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं के साथ कोच योगेश को भी उत्कृष्ट प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए 21 हजार रुपये प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी शिक्षक मौजूद थे।



### छात्राओं को मौखिक स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

रेवाड़ी। सीएचसी गुरावड़ा की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुरावड़ा में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएचसी से डा. गौरी ने विद्यार्थियों को दांतों को स्वस्थ रखने के टिप्स दिए। उन्होंने छात्राओं को दांतों की नियमित सफाई, सही ब्रशिंग व समय पर जांच कराने की सलाह दी। इस मौके पर मौखिक स्वास्थ्य पर पेंटिंग व स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर एचआई बिरेन्द्र सिंह व स्कूल स्टाफ सहित अनेक विद्यार्थी मौजूद थे।



### एनएमएमएस परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का हुआ सम्मान

बावल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ में मंगलवार को एनएमएमएस की राष्ट्रीय परीक्षा में सफल होने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। प्राचार्या नो स्टाफ सदस्यों के साथ परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र देव व नितेश को स्मृति चिन्ह व नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्राचार्या डा. शोभावती यादव ने कहा कि दोनों छात्रों ने विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है, जोकि अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। कार्यक्रम में एसएमसी प्रधान सुभाष चौहान, सेवानिवृत्त फ्लाइट लेफ्टिनेंट सुभाष चौहान, कैप्टन बाबू सिंह, प्रेमपाल सिंह चौहान, कैप्टन जयसिंह, एमडी रामस्वरूप व मनवीर चौहान सहित अनेक अभिभावक व सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।



### भाजपा के नेतृत्व में प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा: वीर कुमार

कोसली। भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर गांव नठेडा में सरपंच मनोज कुमार की अध्यक्षता में खेल नर्सरी की ओर से विभिन्न आयु वर्ग के युवाओं की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबू वीर कुमार यादव ने किया। कोच राहुल के नेतृत्व में आयोजित प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने भाग लिया। मुख्यातिथ ने विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस मौके पर वीर कुमार यादव ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि राष्ट्र सेवा, समर्पण और संस्कारों की यात्रा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ देश के हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया है, जिसके परिणामस्वरूप आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनकर उभरी है। उन्होंने हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस अवसर पर डिप्टी डीईओ डा. राजेंद्र यादव, इंस्पेक्टर रणबीर, मनोज सरपंच नठेडा, मास्टर नरेश कुमार, मास्टर राजेश, मनोज मास्टर, अश्वनी व संजय राव सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

बैठक

### मजदूरों को न होने दी जाए परेशानी: उपायुक्त

# जिले में पांच किलो के 1100 गैस सिलेंडरों की उपलब्धता

- डीसी अभिषेक मीणा ने अधिकारियों व एजेंसी संचालकों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी



रेवाड़ी। अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए डीसी अभिषेक मीणा। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता है, इसके लिए संबंधित अधिकारी व एजेंसियों के संचालक सुचारू रूप से आपूर्ति करते हुए निगरानी रखे। डीसी ने कहा कि शहर में जिन क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन की सुविधा उपलब्ध है, उन क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं को पीएनजी कनेक्शन लगाने के लिए जागरूक किया जाए।

डीसी अभिषेक मीणा मंगलवार को लघु सचिवालय सभागार में एलपीजी गैस, पीएनजी, पेट्रोल व डीजल तथा फसल खरीद कार्य को लेकर बैठक में अधिकारियों का आवश्यक निर्देश दिए दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों के डीसी व अन्य अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी रहे। उन्होंने बताया कि जिले में 5 किलो के लगभग 1100 सिलेंडर की उपलब्धता है। इन सिलेंडरों का वितरण मजदूरों को इस प्रकार किया जाए कि किसी मजदूर को कोई समस्या नहीं आए। वहीं कोई अनावश्यक रूप से भंडारण भी न करे। उन्होंने सभी गैस एजेंसियों को निर्देश दिए कि आईडी व कंपनी या फर्म के संचालक की ओर से सत्यापित किए गए मजदूरों को ही ये सिलेंडर उपलब्ध कराए जाए। डीसी ने कहा कि शहर में जहां आईजीएल की पीएनजी की पाइपलाइन से गैस की आपूर्ति की जा रही है, उन क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के पीएनजी कनेक्शन लगवाने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने बताया कि पीएनजी पाइपलाइन से 24७ गैस की निरंतर आपूर्ति के साथ सिलेंडर की जरूरत भी नहीं होती है। इससे बुकिंग, इंतजार और सिलेंडर बदलने का झंझट खत्म होता है। पीएनजी गैस का मीटर के अनुसार बिल, उपयोग के बाद भुगतान, कोई चोरी या गड़बड़ी की संभावना नहीं रहती है। ग्राहक पीएनजी सहायता के लिए टोल-फ्री नंबर 18001025109 तथा कंट्रोल रूम नंबर 8448588599 पर संपर्क कर सकते है।

▶▶| उपभोक्ता गैस संबंधित समस्या आने पर हेल्पलाइन नंबर 01274- 225214 पर फोन कर सकते हैं

#### ये रहे मौजूद

बैठक में जिला नगर आयुक्त ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, जिला राजस्व अधिकारी प्रदीप देशवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

#### एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर होगी कार्यवाही

डीसी ने पीएनजी सुविधा वाले क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से पीएनजी कनेक्शन लगवाने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एलपीजी के उपभोक्ता गैस संबंधित समस्या आने पर जिला प्रशासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 01274-225214 पर फोन कर सकते हैं। उनकी समस्या का त्वरित से निवारण कराया जाएगा। इसके अलावा अनावश्यक रूप से एलपीजी सिलेंडरों का भंडारण व कालाबाजारी करने वालों की सूचना भी हेल्पलाइन नंबर या जिला प्रशासन को दें, ताकि ऐसा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जा सके। उन्होंने उपभोक्ताओं से अफवाहों पर ध्यान न देते हुए सरकार व प्रशासन की और से आधिकारिक व तथ्यात्मक सूचना पर ही विश्वास करने की अपील की।

### कुंभावास में अतिक्रमण की भरमार, नाला अवरुद्ध होने से ग्रामीण परेशान



रेवाड़ी। कुंभावास गांव में पंचायती नाले पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने इंधन व अन्य सामान डालकर कब्जा हुआ है। नाला अवरुद्ध होने से पानी की निकासी रुक गई है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ है। कृष्णा देवी, सुशीला, विजय कुमार, अनिल व देशराज आदि ग्रामीणों ने बताया कि प्रभावशाली लोग मर्जी के मुताबिक इंधन व ऊपले डालकर रास्ते और नाले पर अतिक्रमण किए हुए हैं। बारिश होने पर इंधन व ऊपले नाले में गिर जाते हैं, जिससे नाला अवरुद्ध हो जाता है। इस समय भी नाला अवरुद्ध हो रहा है। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा। उन्होंने प्रशासन से समस्या के तुरंत समाधान की मांग की है।